सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

वर्ष- 15 अंक - 60 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 13 दिसंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




**श्री नरेन्द्र मोदी**

माननीय प्रधानमंत्री

भारत सरकार

छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ महतारी

## हमने बनाया है
## हम ही संवारेंगे



**श्री विष्णु देव साय**

माननीय मुख्यमंत्री

छत्तीसगढ़ शासन

### आज होगी शुरूआत

# विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़

### के निर्माण की

## माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

की गरिमामयी उपस्थिति में

छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री

## श्री विष्णु देव साय

एवं

मंत्रिमण्डल के सदस्यगण आज लेंगे

# शपथ

सेवा की | सुशासन की | सुरक्षा की | विकास की

दिनांक- 13 दिसम्बर, 2023

स्थान- साईंस कॉलेज मैदान, रायपुर

समय- दोपहर 2.00 बजे

S-39068/53

सबका साथ-सबका विकास

सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ महतारी

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के लिए
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की
गारंटी

कृषक उन्नति योजना

हम ''कृषक उन्नति योजना'' की शुरुआत करेंगे, जिसके अंतर्गतः
- 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी ₹ 3,100 में की जाएगी।
- किसानों का पैसा बिना लम्बी कतारों के एक ही किस्त में पूरा भुगतान सुनिश्चित करने के लिए हर पंचायत भवन में बैंकों के नकदी आहरण काउंटर स्थापित करेंगे।
- प्रदेश में धान खरीद से पहले ही बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

महतारी वन्दन योजना

हम 'महतारी वन्दन योजना' की शुरुआत कर प्रदेश की प्रत्येक विवाहित महिला को ₹ 12,000 की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।

18 लाख प्रधानमंत्री आवास एवं घर-घर निर्मल जल अभियान

हम अपनी पहली 'कैबिनेट बैठक' में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 18 लाख घरों का निर्माण पूरा करने के लिए धन-राशि का आवंटन करेंगे एवं 2 साल के अंदर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक घर में पीने का पानी उपलब्ध करवाएंगे।

बोनस की गारंटी

सुशासन दिवस के अवसर पर 25 दिसंबर 2023 को किसान भाइयों को मिलेगा 2 वर्ष का बकाया धान बोनस

पी.एस.सी. परीक्षा में पारदर्शिता

हम राज्य में सभी प्रमुख परीक्षाओं की प्रक्रिया को UPSC की तर्ज पर सुव्यवस्थित करेंगे, ताकि भविष्य में सभी शासकीय भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता का समावेश हो।

विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़

नयी सुबह, नयी सोच

अब होगा विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण

S-39073/63

सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

सांध्य दैनिक


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

वर्ष- 15 अंक - 60 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 13 दिसंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-





श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# छत्तीसगढ़ के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी

## तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस

- हम प्रदेश में तेंदूपत्ता का संग्रहण ₹ 5,500 प्रति मानक बोरा में करेंगे।
- वर्तमान संग्रहण अवधि में 15 दिनों की बढ़ोतरी की जाएगी।
- इसके अतिरिक्त संग्राहकों को ₹ 4,500 तक बोनस, चरणपादुका एवं अन्य सुविधाएँ पुनः प्रदान की जाएंगी।

## श्रीरामलला दर्शन

हम प्रदेशवासियों को हमारे आस्था के प्रतीक प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या लेकर जाएंगे।

## दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना

हम 'दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना' की शुरुआत कर प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूर को हर साल 10,000 की आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे।

## रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती

हम प्रदेश के 1 लाख रिक्त शासकीय पदों पर समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से भर्ती सुनिश्चित करेंगे।

## 500 में सिलेंडर

हम गरीब परिवारों की महिलाओं को 500 में गैस सिलेंडर प्रदान करेंगे, इससे महिलाओं को अपनी गृहस्थी चलाने में मदद मिलेगी।

# संकल्प निभाएंगे समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाएंगे...

S-39073/63

सबका साथ - सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

## संपादकीय

### नए चेहरों पर भरोसा

भारतीय राजनीति ने फिर सिद्ध कर दिया कि यहां कुछ भी असंभव नहीं। अनेक विधायकों की उम्र बीत जाती है मुख्यमंत्री पद का इंतजार करते, पर राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी ने पहली बार जीतकर विधानसभा पहुंचे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर एक ऐसा संदेश दिया है, जिसका असर पार्टी में निचले स्तर के कार्यकर्ताओं तक एक खुशखबरी की तरह पहुंचेगा। ऐसे फैसले कम होते हैं, पर जब होते हैं, तब लोकतंत्र और उसकी जमीनी राजनीति के प्रति आम लोगों का भरोसा बढ़ता है। यह भी गौर करने की बात है कि राजस्थान की राजनीति में अब पीढ़ी परिवर्तन का बिगुल बज गया है। राजस्थान की कमान साल 1998 से ही अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे बारी-बारी संभालते आ रहे थे। अशोक गहलोत हठ के साथ तीन बार मुख्यमंत्री रहे, मगर वसुंधरा राजे को तीसरी बार से पहले मना लिया गया। हालांकि, राजस्थान की राजनीति में पूर्व-रजवाड़ों के अनुकूल रहने वाले समाज को निराश नहीं किया गया है। जहां पूर्व राजघराने से ताल्लुक रखने वाली दीया कुमारी को उप-मुख्यमंत्री बनाया गया है, वहीं दलित नेता प्रेम चंद बैरवा भी उप-मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। वास्तव में, भाजपा ने इस बार जितने अध्ययन और चिंतन से अपने प्रादेशिक चेहरों का चयन किया है, वह एक मिसाल है। राजस्थान की ही बात करें, तो ब्राह्मण मुख्यमंत्री, राजपूत और दलित, दो उप-मुख्यमंत्री, साथ ही, सिंधी समाज से आने वाले वरिष्ठ नेता वासुदेव देवनानी को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। यह सामाजिक समीकरण के अनुरूप कुशल राजनीतिक अभियांत्रिकी है, जिसका अभ्यास सभी पार्टियों को करना चाहिए। ठीक यही अभियांत्रिकी मध्य प्रदेश में दिखी है, जहां मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर उत्तर प्रदेश और बिहार को भी संदेश दिया गया है। लगभग 32 प्रतिशत आदिवासी आबादी वाले छत्तीसगढ़ में आदिवासी नेता विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनाकर जो राजनीतिक व्यूह रचना हुई है, उसका लाभ भाजपा को आगामी चुनावों में मिल सकता है। भाजपा को इन राज्यों में साफतौर पर पता है कि वोटों के मामले में कांग्रेस उससे ज्यादा पीछे नहीं है। अत वह इन तीनों राज्यों की सभी 65 लोकसभा सीटों को जीतने का लक्ष्य बनाकर चल रही है। कांग्रेस और उसके इंडिया ब्लॉक को चुनाव जीतने के लिए भाजपा की राजनीतिक अभियांत्रिकी का तोड़ खोजना होगा। विपक्ष हमेशा की तरह सत्ता पक्ष में दरार पर निगाह लगाएगा, अत भाजपा के लिए भी जरूरी है कि वह नए नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए पुराने कद्दावर नेताओं में कमतरी का एहसास न पैदा होने दे। इसलिए कहा जाता है, राजनीति अंदर और बाहर से निरंतर सेवा खोजती है। छत्तीसगढ़ हो या मध्य प्रदेश या राजस्थान, तीनों ही जगह दिल्ली से गए भाजपा के पर्यवेक्षक नेताओं ने जो बेहतरीन काम किया है, उसकी प्रशंसा होनी चाहिए, पर शासन-प्रशासन और आगे राजनीति तय करने के लिए ये कुशल नेता रायपुर, भोपाल, जयपुर में नहीं रहेंगे। शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी विष्णु देव, मोहन यादव और भजनलाल शर्मा को ही निभानी पड़ेगी। जैसी कवायद से ये तीनों मुख्यमंत्री बने हैं, वैसी ही कवायद के साथ उन्हें आगे भी बढ़ना चाहिए। ध्यान रखना होगा कि कई बार जमीन से उठे अच्छे नेता भी नौकरशाही के साये में जाकर चमक गंवा देते हैं। हिंदी पट्टी के इन राज्यों के नेतृत्व से यही उम्मीद रहेगी कि इन राज्यों में विकास की लकीरें तेजी से लंबी हों।

> “विपक्ष हमेशा की तरह सत्ता पक्ष में दरार पर निगाह लगाएगा, अत भाजपा के लिए भी जरूरी है कि वह नए नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए पुराने कद्दावर नेताओं में कमतरी का एहसास न पैदा होने दे। इसलिए कहा जाता है, राजनीति अंदर और बाहर से निरंतर सेवा खोजती है।

### भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग

भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में सत्ता साझा करने का जो मॉडल अपनाया है, उसमें विपक्ष और देश के लिबरल खेमे के लिए एक बड़ी सीख छिपी है। सबक यह है कि जातीय-सामुदायिक पहचान की राजनीति के जरिए भाजपा को मात देने की सोच अब बेबुनियाद हो चुकी है। यह सोच इस समझ पर टिकी है कि भाजपा मुख्य रूप से सवर्ण हिंदुओं की पार्टी है, जिसका अनिवार्य रूप से पिछड़ी और दलित जातियों एवं आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदायों से अंतर्विरोध है। मुमकिन है कि यह अंतर्विरोध इस रूप में वास्तविक हो कि भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति अंततः पारंपरिक सामाजिक वर्चस्व को पुनःस्थापित करने के मकसद से प्रेरित है। मगर इसका दूसरा पहलू यह है कि अपनी इस परियोजना में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग की अपनी रणनीति के जरिए विभिन्न जातियों और समुदायों को समाहित कर लिया है। इसके लिए जहां उन्हें जरूरी महसूस होता है, वे इन जातियों और समुदायों को उचित प्रतिनिधित्व देते हैं। छत्तीसगढ़ में एक आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री बनाने के साथ-साथ उन्होंने एक ओबीसी और एक सवर्ण को उप-मुख्यमंत्री और एक सवर्ण को विधानसभा स्पीकर बनाने का फॉर्मूला लागू कर किया है। इस तरह उन्होंने चुनाव जिताऊ समीकरण को प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व दे दिया है। इसका संदेश दूसरे राज्यों तक जाएगा। इस बीच आदिवासी समुदाय में अपनी पैठ और गहरी बनाने के लिए लिहाज से आरएसएस से जुड़े जनजाति सुरक्षा मंच ने उन आदिवासियों को जनजाति सूची से हटाने की मुहिम शुरू की है, जो ईसाई बन गए हैं। इस तरह आदिवासी समुदायों के भीतर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति आगे बढ़ाई जा रही है। अनुमान लगाया जा सकता है कि इसका चुनावी लाभ भाजपा को ही मिलेगा। इस तरह जातीय या सामुदायिक गोलबंदी अब भाजपा का कारगर सियासी औजार बन गई है। यानी उसने ऐसी रणनीतियों के भरोसे बैठे विपक्ष को उसके ही खेल में मात दे दी है। अब अगर यहां से विपक्ष को फिर से खड़ा होना है, तो उसे नई रणनीति सोचनी होगी। फिलहाल, इस कार्य में विपक्ष और लिबरल बुद्धिजीवी अक्षम नजर आते हैं। इसलिए भाजपा बेजोड़ बनी हुई है।

### रिटायर नहीं हो रहे हैं क्षत्रप नेता

देश के कई बड़े प्रादेशिक क्षत्रपों के बारे में अचानक चर्चा शुरू हो गई है कि वे रिटायर हो रहे हैं। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव, पश्चिम बंगाल में तृणमूल की प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती के बारे में कहा जा रहा है कि वे पीछे हट रहे हैं और नई पीढ़ी पार्टी की कमान संभालेगी। लेकिन सचमुच में ऐसा नहीं है। ये नेता अपने परिवार की दूसरी पीढ़ी को आगे बढ़ा रहे हैं लेकिन खुद रिटायर नहीं हो रहे हैं। पार्टी के अंदर भी इन नेताओं ने साफ कर दिया है कि वे सक्रिय राजनीति में रहेंगे। मायावती ने अपने छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे आकाश आनंद को देश के 26 राज्यों का जिम्मा सौंपा है। लेकिन पूरी पार्टी की कमान उनके हाथ में नहीं दी। इसके अलावा उन्होंने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का काम अपने ही पास रखा है। ध्यान रहे बहुजन समाज पार्टी उत्तर प्रदेश की ही पार्टी है। हालांकि उत्तर प्रदेश में भी उसका वोट 2007 के चरम यानी 30 फीसदी से घट कर 2022 में 12.88 फीसदी पर आ गया है। देश के हर राज्य में पार्टी अपना वोट आधार गंवा चुकी है। अगर उसकी वापसी होती है तो वह उत्तर प्रदेश से ही होगी। इसलिए मायावती ने इसे अपने पास रखा है। चुनावी तालमेल करने और अगली बार लड़ने की रणनीति बनाने का फैसला वे खुद करेंगी। तभी पार्टी के नेता बता रहे हैं कि आकाश पहले से नेशनल कोऑर्डिनेटर थे। उनकी भूमिका थोड़ी बढ़ाई गई है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि मायावती रिटायर होने जा रही हैं।

> “थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, कनाडा और अमेरिका के कुछ शहर उन केंद्रों के रूप में उभरे हैं, जिनमें बैठकर भारत के बड़े गैंगस्टर देश के अंदर अपराध संचालित कर रहे हैं।

# देश से विदेश तक घात लगाते गैंगस्टर

विभूति नारायण राय



दूरियों के मामले में तेजी से सिकुड़ती दुनिया में यह तो बहुत स्वाभाविक ही है कि अपराध भी ग्लोबल हो गया है, पर कोई भी समाज वैश्वीकरण की इस प्रक्रिया का अंग बनने पर गौरवान्वित नहीं महसूस करेगा और निश्चित रूप से भारतीय समाज भी इस मामले में अपवाद नहीं हो सकता। पिछले कुछ वर्षों में थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, कनाडा और अमेरिका के कुछ शहर उन केंद्रों के रूप में उभरे हैं, जिनमें बैठकर भारत के बड़े गैंगस्टर देश के अंदर संगठित अपराध की गतिविधियां संचालित कर रहे हैं।

राजस्थान की राजधानी जयपुर के एक समृद्ध इलाके में 7 दिसंबर को दिन के एक ऐसे समय में, जब उस इलाके में चहल-पहल थी, सुरक्षा के घेरे में रहने वाले राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के मुखिया सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या एक ऐसी ही घटना है, जिसके तार विदेशी जमीन पर बैठे बड़े गैंगस्टर से जुड़े हैं। अपुष्ट सूचनाओं के अनुसार, उत्तरी अमेरिका के किसी शहर में बैठे इस गैंगस्टर ने भारत में भाड़े के दो हत्यारों से सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या कराई।

हत्यारे कितने हृदयहीन और पेशेवर थे, इसका पता उनके इस व्यवहार से चलता है कि उन्होंने मौके से जाते-भागते हुए उस व्यक्ति को भी मार दिया, जिसके जरिये वे अपने शिकार तक पहुंचे थे। इन दो हत्यारों में से एक तो भारतीय सेना का सेवारत सदस्य था। गनीमत है, हत्यारे पकड़ में आ गए हैं। अब उम्मीद की जा सकती है कि उनके विदेशी आकाओं तथा भारतीय जमीन पर उनकी गतिविधियों के बारे में पर्याप्त जानकारी पुलिस और दूसरी एजेंसियों को हो चुकी होगी। इससे विदेशी धरती पर बैठे साजिश रचने वाले की शिनाख्त तो हो जाएगी, पर ऐसे नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी ही होगी कि अब उसे या उन्हें यहां लाकर दंडित कराया जा सकेगा। प्रत्यर्पण एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है और जिसमें अभी तक तो भारतीय एजेंसियों की सफलता का प्रतिशत इतना कम है कि उसे नगण्य ही कहा जा सकता है।

हालिया घटनाओं में एक चिंताजनक तथ्य यह है कि इनमें लिप्त गैंगस्टरों में से कई पंजाब से जुड़े हैं और उनके जाने-अनजाने उनका इस्तेमाल पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी मृतप्राय खालिस्तान आंदोलन को पुनर्जीवित करने के लिए कर रही है। पंजाबी के एक रैप सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या भी एक ऐसा ही मामला था, जिसमें पैसा, शोहरत, खालिस्तान और अपराध जैसे कई मसले गड्डमड्ड थे। इस हत्या में विदेशी धरती और भारतीय जेलों में बैठे गैंगस्टर शरीक थे। इन दिनों कनाडा की धरती ऐसी सांठगांठ का सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां भारत से भागे हुए बहुत सारे अपराधी शरण लिए हुए हैं। इनमें से कइयों के खिलाफ पंजाब में पृथकतावादी गतिविधियों में भाग लेने के कारण गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, पर लाख सर पटकने के बावजूद भारतीय एजेंसियां उन्हें देश वापस लाने में सफल नहीं हो पा रही हैं। कनाडा में तो प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो अपनी आंतरिक राजनीतिक मजबूरियों के चलते कई बार खालिस्तान समर्थकों को प्रोत्साहन देते हुए से दिखते हैं। उनके वोट बैंक में एक बड़ी संख्या भारत से गए सिखों की है और इन पर अपने पंथ या अपने धर्मस्थल से जुड़ी राजनीति का बड़ा प्रभाव है। दुर्भाग्य से कई महत्वपूर्ण धर्मस्थलों पर खालिस्तान समर्थकों का कब्जा है।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में प्रत्यर्पण बड़ा संवेदनशील मुद्दा है। इस मसले में दो देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि होना ही पर्याप्त नहीं है, इसके अतिरिक्त अलग-अलग देशों की न्यायिक प्रणाली की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मसलन, यूरोपीय व अमेरिकी देशों में अदालतें मानवाधिकार के नाम पर तरह-तरह की अड़चनें डालती रहती हैं। दुर्भाग्य से इस सिलसिले में भारतीय पुलिस और जेलों की साख बहुत अच्छी नहीं है। कई बार तो बड़े दिलचस्प तर्क अभियुक्तों की तरफ से दिए जाते हैं। भगोड़े आर्थिक अपराधी नीरव मोदी को प्रत्यर्पण से बचाने के लिए उसके गवाह के तौर पर पेश हुए भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के एक अवकाशप्राप्त न्यायाधीश ने ब्रिटिश डिस्ट्रिक्ट जज के सामने बयान दिया था कि भारतीय न्यायपालिका में भ्रष्टाचार भरा हुआ है, इसलिए नीरव को वहां न्याय की उम्मीद नहीं है। हालांकि, ब्रिटिश डिस्ट्रिक्ट जज से उन्हें झिड़की ही मिली कि जिस संस्था में वह सर्वोच्च पद तक पहुंचे, रिटायर होने के बाद उसमें उन्हें भ्रष्टाचार नजर आने लगा है। एक दूसरे आर्थिक अपराधी विजय माल्या के वकीलों ने महीनों लंदन की अदालतों में तर्क दिए कि भारतीय जेलें मनुष्यों के रहने लायक या सुरक्षित नहीं हैं, लिहाजा उनके मोवक्किल को प्रत्यर्पित न किया जाए। इसी तर्क पर महीनों उनके मुकदमे में फैसला नहीं हो सका। एक खूंखार भगोड़े अबू सलेम को तभी प्रत्यर्पित कराया जा सका, जब भारत सरकार ने संबंधित अदालत में गारंटी दी कि उसे मृत्युदंड नहीं दिया जाएगा। पिछले दिनों केवल संयुक्त अरब अमीरात से अपेक्षाकृत कम दिक्कतों से अपराधियों को भारत लाया जा सका है, पर यह संभवत दोनों देशों के बीच शीर्ष नेतृत्व के बीच अच्छे संबंधों के कारण संभव हुआ है।

जैसे-जैसे भारत आर्थिक महाशक्ति बन रहा है, उसकी राजनयिक ताकत बढ़ जरूर रही है, पर इतनी भी नहीं कि उसके लिए पश्चिमी दुनिया के देश अपने वैधानिक और सामाजिक मूल्यों को नजरअंदाज कर दें। जरूरी है कि हम अपनी पुलिस, जेलों और अदालतों को ज्यादा जिम्मेदार बनाएं। यह चूहे बिल्ली का खेल है, जिसमें बिल्ली को ज्यादा सक्रिय बनाना होगा। अभी तो चूहे तेज खेल रहे हैं। यह पूछना अप्रासंगिक नहीं होगा कि जिस तरह से गैंगस्टर ग्लोबल हुए हैं, क्या उसी रफ्तार और अनुपात में उनसे मुकाबला करने वाली संस्थाएं भी ग्लोबल हुई हैं? डीपफेक या संपर्क के लिए इंटरनेट के आधुनिकतम तरीकों का इस्तेमाल करने वाले अपराधियों के बरक्स क्या उनके विरोधी एजेंसियों की दक्षता उनके मुकाबले की है? ये सारे सवाल हैं, जिनके जवाब खोजने ही होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ने स्थिति और गंभीर बना दी है। इनका मुकाबला संसाधनों और बेहतर प्रशिक्षण से सुसज्जित पुलिस बल ही कर सकते हैं। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी जैसी हत्याएं रुकेंगी नहीं, हमें इस तरह की अधिक वारदात के लिए तैयार रहना होगा। इन्हें रोकने या इनके नुकसान को कम करने का एक ही उपाय है कि हम उनके मुकाबिल संस्थाओं को अधिक पेशेवर बनाएं और अधुनातन उपकरणों से सुसज्जित करें।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# आगामी चुनावों में मंडराएगा डीपफेक का घना साया

अतनु विस्वास

भारत में बीते कुछ दशकों से कमोबेश हर चुनाव अभियान में कोई न कोई नई तकनीक शामिल होती रही है। 1990 के दशक में फोन कॉल से लेकर 2014 में होलोग्राम तक तमाम उदाहरण हमारे सामने हैं। साल 2014 के चुनाव अभियान में जहां फेसबुक व ट्विटर का दबदबा रहा, तो वहीं 2019 में वाट्सएप से चुनाव अभियान प्रभावित रहा। अब तो यह स्पष्ट हो गया है कि लगातार विकसित होती तकनीक से मतदाताओं को भ्रमित किया जा सकता है, और सोशल मीडिया पर बढ़ रहे दुष्प्रचार से प्रतिकूल नतीजे मिल सकते हैं। संभवत इसी कारण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण में डीपफेक को 'नए युग का संकट' कहा है। सवाल मौजूं है कि डीपफेक आखिर कैसे चुनावों को प्रभावित कर सकता है?

सिंतबर में स्लोवाकिया के संसदीय चुनाव कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से प्रभावित चुनावों के इतिहास में अहम मोड़ साबित हुए हैं। मतदान से ठीक दो दिन पहले फेसबुक पर वहां एक ऑडियो रिकॉर्डिंग पोस्ट की गई, जिसमें एक पत्रकार और उदारवादी पार्टी प्रोग्रेसिव स्लोवाकिया के नेता चुनाव में धांधली करने के तरीकों पर चर्चा करते सुने गए। बेशक, दोनों ने तुरंत इस ऑडियो को फर्जी बताया और जांच में एआई के दुरुपयोग की बात भी सामने आई, मगर वोटों की गिनती में प्रोग्रेसिव स्लोवाकिया एक करीबी मुकाबले में पिछड़ गई। यह सही है कि राजनीतिक दुष्प्रचार और फर्जी सूचना का प्रसार सदियों से होता रहा है, मगर एआई जनित वीडियो, वीडियो-ऑडियो क्लिप और तस्वीरों से चुनावी-पसंद प्रभावित करने की आशंका गढ़ गई है। वर्ष 2023 के स्लोवाक चुनाव को 2024 में हो रहे महत्वपूर्ण चुनावों के संदर्भ में बतौर उदाहरण लिया जा सकता है, क्योंकि अगले साल अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ व भारत में चुनावी बिगुल बजने वाला है। न्यूयॉर्क टाइम्स के अपने



लेख में जैक निकस और लूसिया चोलकियन ने लिखा है, बढ़ती ताकत व घटती लागत के साथ एआई तकनीक अब चुनावों में एक बड़ा कारक बन सकती है। ऐसा नहीं है कि डीपफेक भारत में अभी आया है। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष मनोज तिवारी के विभिन्न भाषाओं में वीडियो खूब प्रसारित हुए थे, जिनमें वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियों की आलोचना कर रहे थे। उसने चुनावों में एआई के दखल को लेकर चिंता बढ़ा दी थी। बेशक, ऐसी प्रौद्योगिकियों के लिए तीन साल का वक्त काफी कम है, पर हालिया मध्य प्रदेश व तेलंगाना के चुनाव में छेड़छाड़ वाले कुछ वीडियो क्लिप वायरल हुए हैं। जाहिर है, सियासी जंग में डीपफेक अब हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

डर यह भी है कि अति-उत्साही लोग सियासी पार्टियों की चुनाव अभियान टीमों की जानकारी के बिना आसानी से उपलब्ध व सस्ते राजनीतिक डीपफेक प्रसारित कर सकते हैं। याद कीजिए, कैसे डोनाल्ड ट्रंप की गिरफ्तारी वाली एक कथित तस्वीर वायरल हो गई थी। डीपफेक्स द कमिंग इन्फोकैलिप्स किताब की लेखिका नीना स्किक के मुताबिक, एआई, वीडियो निर्माण व ऑनलाइन ट्रॉलिंग बढ़ने के साथ डीपफेक न सिर्फ लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा पैदा करता है, बल्कि मतदाताओं को बड़े पैमाने पर भ्रमित कर सकता है। अगले वर्ष लोकसभा चुनाव से पहले निश्चय ही डीपफेक की गुणवत्ता काफी बढ़ सकती है। 'द स्टेट ऑफ डीपफेक' रिपोर्ट भी कहती है कि भारत इस मामले में छठा सबसे संवेदनशील देश है। लिहाजा, डीपफेक एवं फर्जी सूचनाओं से आशंकित भारत सरकार ने अपनी कार्ययोजना जारी कर दी है।

चिंता की बात यह है, जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी विकसित हो रही है, उसमें सभी डीपफेक की तत्काल पहचान करना मुश्किल हो सकता है। इसके अलावा, चुनाव से ठीक पहले पोस्ट किया गया कोई भ्रामक डीपफेक लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। हालांकि, मतदाता इससे किस हद तक प्रभावित होंगे, इसका अभी आकलन नहीं किया जा सकता, लेकिन डाटा-आधारित उचित मूल्यांकन की सख्त दरकार है। जाहिर है, जैसे-जैसे हम साल 2024 के लोकसभा चुनावों की ओर बढ़ रहे हैं, डीपफेक की अनिश्चितता की एक स्याह छाया भी इस पर मंडरा रही है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# देसी परिवेश में हो डेस्टिनेशन वेडिंग

जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कहा कि देश के संपन्न वर्ग के लोगों के बीच 'डेस्टिनेशन वेडिंग' के लिए विदेश जाना चलन बन गया है। ऐसे में यदि शादी के उत्सव को भारत की धरती पर, भारत के लोगों के बीच मनाएंगे, तो देश का पैसा देश में ही रहेगा। उन्होंने कहा कि शादियों के लिए खरीदारी करते समय भी सभी को केवल भारत में बने उत्पादों को ही महत्व देना चाहिए।

गौरतलब है कि देश में इस समय विवाह समारोहों के आयोजन यानी वेडिंग से जुड़ा कारोबार करीब 5 लाख करोड़ रुपये का है। इस वेडिंग कारोबार में 15-17 प्रतिशत की वार्षिक बढ़ोतरी भी हो रही है। चूंकि शादी को कुछ खास अंदाज में करने के लिए देश के बाहर डेस्टिनेशन वेडिंग का चलन अब मध्यवर्गीय परिवारों में भी देखा जा रहा है। खासतौर से कोरोना काल के बाद युवा विदेशों में डेस्टिनेशन वेडिंग करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ऐसे में वेड इन इंडिया आंदोलन को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाकर भारत के वेडिंग कारोबार और इसमें रोजगार को नई ऊंचाइयां दी जा सकती हैं।

देश के अमीर वर्ग के लोग देश में ही डेस्टिनेशन वेडिंग को अपनाएं तथा दूसरी ओर विदेशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोग भी भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग की ओर आकर्षित हों, तो इसके लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। जिस तरह विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए जो तैयारी होती है, उससे कम मूल्य में और गुणवत्तापूर्ण ढंग से वे तैयारियां बहुत कुछ भारत में भी हैं। भारत में भी शिक्षित-प्रशिक्षित वेडिंग प्लानर उपलब्ध है। वेडिंग प्लानर वेडिंग के आयोजकों के साथ मिलकर न सिर्फ विवाह समारोह के लिए आयोजन की पूरी प्लानिंग करता है वरन उस योजना को खास रूपरेखा प्रदान कर अंतिम रूप भी देता है। इनके द्वारा डेस्टिनेशन वेडिंग से लेकर शादी की विभिन्न रस्मों की आकर्षक थीम और लजीज खानपान की व्यवस्था को खूबसूरत अंजाम दिया जाता हैं। डेस्टिनेशन वेडिंग के तहत शादी के निमंत्रण पत्र की डिजाइनिंग से लेकर, गिफ्ट पैकिंग और वेन्यू तय करने से लेकर बारात का स्वागत करने तक का सारा भार अलग-अलग वेडिंग कारोबार के विशेषज्ञों द्वारा पूरा होता है। आजकल लोगों के पास समय की बहुत कमी है और उनकी महत्वाकांक्षाएं बहुत ज्यादा होती हैं। आज हर कोई बिना तनाव एवं परेशानी के बेहतरीन वैवाहिक व्यवस्था करना चाहता है। ये सारी ऐसी व्यवस्थाएं हैं, जो भारतीय वेडिंग प्लानर द्वारा कुशलतापूर्वक पूरी की जा रही हैं और इससे विवाह में शामिल होने वाले मेहमानों के चेहरे पर भी खुशियां बनी रहती हैं।



विवाह समारोह वर्तमान समय में सामाजिक संस्कार के साथ-साथ व्यक्ति की प्रतिष्ठा का भी पर्याय बन गया है। साथ ही वर्तमान में विवाह से जुड़ी प्रत्येक चीज ट्रेंडी या विशिष्ट हो गई है। लेकिन परंपरा को बनाए रखने की चाह भी नहीं मिटी है, ऐसे में यदि भारत में संस्कार और संस्कृति के मूल्यों के साथ डेस्टिनेशन वेडिंग के अभियान को आगे बढ़ाया जाए तो संपन्न वर्ग के लोगों में विदेशों में डेस्टिनेशन वेडिंग की बढ़ती हुई संख्या को सीमित किया जा सकता है।

निःसंदेह, भारतीयों का विदेशों में विवाह आयोजनों का तेजी से बढ़ता रुझान घरेलू वेडिंग उद्योग के मद्देनजर नुकसान की तरह है, वहीं देश के विदेशी मुद्राकोष को घटाने वाला भी है। ऐसे में सरकार और देश के वेडिंग आयोजनों से जुड़े निजी सेक्टर को रणनीतिक रूप से ध्यान देना होगा कि इस समय देश के जो वेडिंग डेस्टिनेशन आकर्षक बने हुए हैं, उन्हें और उपयुक्त बनाकर संपन्न वर्ग को लुभाया जाए।

सरकार को ध्यान देना होगा कि देश में जो चमकीले अनोखेपन वाले पर्यटन केंद्र हैं, उनके आसपास वर्तमान वेडिंग डेस्टिनेशन को विकसित किया जाए और नए वेडिंग डेस्टिनेशन के लिए बुनियादी ढांचे की सुविधाओं पर ध्यान दिया जाए। ज्ञातव्य है कि भारत की संस्कृति, संगीत, हस्तकला, खानपान से लेकर नैसर्गिक सुंदरता हमेशा से लोगों को आकर्षित करती रही हैं। भारत एक ऐसा देश है, जिसके पास हिमालय का सबसे अधिक हिस्सा, विशाल समुद्री तट-रेखा और रेत का रेगिस्तान, कच्छ में सफेद नमक रेगिस्तान, लद्दाख में ठंडे रेगिस्तान और राष्ट्रीय उद्यान जैसी प्राकृतिक विविधताएं हैं। इन क्षेत्रों के नजदीक वेडिंग डेस्टिनेशन के लिए व्यापक बुनियादी ढांचे और अन्य पर्यटन सुविधाओं को नई वेडिंग सोच के साथ आकार दिया जाना होगा। वेडिंग डेस्टिनेशन सेक्टर को अधिक जीवंत बनाने के लिए ऐसी रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

## खास खबर

### चिरायु योजना से हुआ अनाथ आश्रम की नन्हीं बच्ची सौम्या का बेहतर उपचार

**दंतेवाड़ा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अनाथ आश्रम दंतेवाड़ा में रहने वाली 6 महीने की बच्ची सौम्या को चिरायु योजना के अंतर्गत बेहतर इलाज मुहैया कराया गया है। मालूम हो कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक के निर्देश पर चिरायु दल के द्वारा अनाथ आश्रम मे रहने वाली ''सौम्या'' को सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था। परीक्षण पश्चात ''सौम्या'' जन्म से ही सिर पर ''ओवर ग्रोथ स्कीन'' से ग्रसित पाई गई। इसे देखते हुए ''सौम्या'' को बेहतर उपचार के लिए जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉक्टर एस मंडल के मार्गदर्शन में चिरायु दल प्रभारी डॉक्टर सुमन मांडवी के द्वारा उच्च उपचार के लिए डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर ले जाया गया जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में ''सौम्या'' का सफल उपचार हुआ। इस क्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा ''सौम्या'' को 3 महीने तक विशेष फॉलोअप में रखा गया है, तथा 3 महीने पश्चात पुन: फॉलो अप जांच हेतु बुलाया गया है। इस प्रकार चिरायु योजना के माध्यम से 6 माह की बच्ची ''सौम्या'' का बेहतर इलाज संभव हो पाया है। जिससे अनाथ आश्रम के सभी स्टाफ तथा अन्य लोगों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।

### कैरियर गाइडेंस एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर हुआ व्याख्यान

**सूरजपुर।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के आई.क्यू.ए.सी. एवं कैरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में ''कैरियर गाइडेंस एवं व्यक्तित्व विकास'' विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया। अमित सिंह बनाफर ने छात्रों को राज्य प्रशासनिक सेवा एवं अखिल भारतीय सेवा जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम एवं परीक्षा प्रणाली के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने से पूर्व पहले आप अपने आपको मानसिक रूप से तैयार कर ले तथा अनवरत प्रयास करते रहे। सहायक प्राध्यापक भारत लाल कंवर ने बैंकिंग, रेलवे एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में सामान्य जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य रूप से चार प्रकार की परीक्षाएं होती हैं। यू.पी.एस.सी, एस.एस.सी., आई.बी.पी.एस तथा प्रतिभागी को पहले यह निर्धारित करना चाहिए कि वह किसकी तैयारी करना चाहता है। व्याख्याता श्री जफिर एवं सुश्री नौलू सिंह ने छात्रों को पी.ए.एस.सी के सी सेट पेपर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आई.क्यू.ए.सी प्रभारी श्री अजय कुमार तिवारी ने छात्रों को नेट एवं सेट जैसे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय परीक्षा की जानकारी दी और छात्रों को अपने लिए एक निश्चित लक्ष्य बनाने तथा लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने को कहा। उन्होंने कहा कि कई दिशा में भटकने से हमारी ऊर्जा क्षीण हो जाती है तथा किसी एक पर हम केंद्रित नहीं हो पाते। इस तरह हमें सफलता नहीं मिलती। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार मिश्र ने सभी छात्रों को उनके आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा उन्होंने यह आश्वासन दिया कि इस महाविद्यालय से निकलने के बाद भी यहां के छात्र महाविद्यालय के प्राध्यापकों से मार्गदर्शन ले सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रेमलता एक्का, श्रीमती शालिनी शांता कुजूर, सुनीता गुप्ता, दिनेश तथा हेमंत के साथ 131 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# मध्यप्रदेश में शुरू हुआ मोहन राज, ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मोहन यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। इसी के साथ मध्यप्रदेश में अब मोहन राज की शुरुआत हो गई है। मध्यप्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन यादव बुधवार को यहां पद की शपथ ली। राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने उन्हें मुख्यमंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई है। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य नेता शामिल हुए।




बता दें कि उज्जैन दक्षिण से विधायक मोहन यादव के बाद जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला ने कैबिनेट मंत्रियों की शपथ ग्रहण की है। भारतीय जनता पार्टी ने राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा को उप मुख्यमंत्री बनाया है। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन लाल परेड ग्राउंड में पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे हुआ है। इस शपथ ग्रहण में यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस, अजित पवार, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत तमाम बीजेपी नेता उपस्थित रहे। बता दें कि इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मध्यप्रदेश इकाई के प्रमुख विष्णु दत्त शर्मा और निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समारोह की तैयारियों की समीक्षा के बाद संवाददाताओं को जानकारी दी थी कि लाल परेड ग्राउंड में पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के लिए विस्तृत व्यवस्था की थी। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, कई भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शामिल हुए हैं।''

### वादों को पूरा करने की चुनौती

मध्य प्रदेश में भाजपा की ओर से लोक लुभावने वादे किए गए थे जिसे लोकसभा चुनाव से पहले पूरा करने की चुनौती होगी। मध्य प्रदेश में 450 रुपए में गैस सिलेंडर मुहैया कराना, गरीब परिवार की बच्चियों की 12वीं तक की पढ़ाई मुफ्त, हर महीने 100 यूनिट तक की बिजली सिर्फ ?100 में, लाडली बहन योजना के तहत गरीब महिलाओं को हर महीने 1250 रुपए दिए जा रहे हैं, आने वाले समय में से 3000 तक करने का वादा किया गया है। किसान सम्मान के तहत ?12000 देने की बात कही गई है। वहीं गेहूं की खरीद 2700 रुपए प्रति क्विंटल और चावल की खरीद 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीदने का भी वादा है।

आदिवासी समुदाय से मुख्यमंत्री चुने जाने पर उत्साह का माहौल

## सभी वर्गों को सामाजिक उत्थान और विकास की उम्मीद




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जनजाति बहुल छत्तीसगढ़ में जनजाति वर्ग से नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के चुने जाने से प्रदेश में उत्साह का माहौल है। आदिवासी समुदाय इसे एक बड़ी उपलब्धि के साथ गर्व का विषय मान रहा है। उन्हें उम्मीद है कि आदिवासी समुदाय से नवनियुक्त मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के उत्थान की दिशा में नई ऊर्जा के साथ छत्तीसगढ़ में कार्य होगा।

कांकेर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए आदिवासी नेता आशाराम नेताम ने कहा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में ऐतिहासिक रूप से आदिवासी समाज से मुख्यमंत्री चुना गया है, जो पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज से मुख्यमंत्री बनाए जाने की दो दशक पुरानी मांग रही है, इसे ध्यान में रखते हुए स्वच्छ छवि और सकारात्मक सोच के धनी विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री चुना गया है। प्रदेशवासियों के लिए इससे अधिक खुशी की बात और नहीं हो सकती कि वर्षों पुरानी मांग तथा जनभावनाओं का खयाल रखते हुए आदिवासी समाज से प्रदेश के मुखिया का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में अब केन्द्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी तत्परता से होगा और समाज के सभी तबकों को आसानी से योजनाओं का लाभ मिलेगा।

विष्णुदेव साय के गृह क्षेत्र जशपुर के आम नागरिकों का कहना है कि विष्णुदेव साय मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। वे हमेशा जनजाति वर्ग के लोगों से मिलकर मदद करते रहे हैं।

## समारोह स्थल में लोक नर्तक दल द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुतियां



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित भव्य समारोह में छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री के रूप में विष्णु देव साय शपथ लेने वाले हैं। शपथ ग्रहण समारोह को हर कोई यादगार बनाना चाह रहा है। विभिन्न जिले के सांस्कृतिक और परंपरागत नृत्य दल आज खुशी से अपने कला का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। साइंस कॉलेज चौपाटी के आसपास मांदर की थाप में कर्मा समूह दल अपनी प्रस्तुति से समा बांध रहे हैं, लोग भी उत्साहपूर्वक नृत्य करने में लगे हैं।

समारोह स्थल में उत्सव सा माहौल है। बस्तर, रायगढ़, कोरबा और अन्य जिले से दल पहुंचे हैं। पीपल चौक घोंटमार जिला कोरबा से पहुंचे कर्मा नर्तक दल उत्साह के साथ अतिथियों के स्वागत के लिए आतुर हैं। महिला और पुरुष के लगभग 50 साथी कलाकार अपनी विशिष्ट नृत्य शैली के साथ समा बांध रहे हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में प्रचलित सभी लोक नृत्यों का समावेश किया गया है।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शपथ ग्रहण के पहले दो महान विभूतियों को किया नमन

**मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रणेता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन**

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज शपथ ग्रहण के पहले राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाले दो महान विभूतियों को नमन किया। मुख्यमंत्री साय ने सवेरे अवंती विहार एटीएम चौक स्थित छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के प्रणेता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रध्दासुमन अर्पित किया।



इसके बाद मुख्यमंत्री श्री साय जय स्तंभ चौक पहुंचे और छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके मातृभूमि के प्रति समर्पण और बलिदान को नमन किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के दृढ़ इच्छाशक्ति से छत्तीसगढ़ के लोगों की लंबे समय से चली आ रही अलग राज्य की मांग पूरी हुई। श्री वाजपेयी के प्रयासों से मध्यप्रदेश से अलग होकर 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आया। श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने साल 1990 में ही तय कर दिया था कि छत्तीसगढ़ को राज्य बनाना है। श्री वाजपेयी छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति और वन संपदा से बेहद लगाव रखते थे। बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य की मांग 1965 से ही शुरू हो गई थी, लेकिन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने पूरा किया।

छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीरनारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जन-नायक थे। उनका जन्म 1795 में सोनाखान के जमींदार परिवार में हुआ था। 1857 के स्वतंत्रता समर में मातृभूमि के लिए मर मिटने वाले शहीदों में छत्तीसगढ़ के आदिवासी जन-नायक, वीर नारायण सिंह का नाम सर्वाधिक प्रेरणास्पद है। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्होने छत्तीसगढ़ की जनता में देश भक्ति का संचार किया। उन्होंने सन् 1856 के भीषण अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया। अंग्रेजों विरुद्ध उन्होंने बंदूकधारियों की सेना बनाई और जबरदस्त मोर्चाबंदी कर वीरता पूर्वक संघर्ष किया।

अंग्रजों द्वारा कूटनीति से आपको कैद कर मुकदमा चलाया और 10 दिसम्बर 1857 को फांसी दे दी। मातृभूमि और लोगों के लिए शहीद वीर नारायण सिंह का संघर्ष आज भी याद किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा उनकी स्मृति में आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग में उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शहीद वीर नारायण सिंह सम्मान भी दिया जाता है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा प्रचार रथ को कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कृषि विभाग रायगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी 2023-24 के बेहतर एवं सुगमतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु व्यापक प्रचार एवं प्रसार के लिए बीमा क्रियान्वयन कंपनी भारतीय कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड के माध्यम से बीमा रथ का संचालन किया गया है जिसका उद्घाटन आज कार्यालय कलेक्टर परिसर रायगढ़ में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने हरी झंडी दिखा कर किया।



इस अवसर पर उप संचालक कृषि अनिल वर्मा एवं उप संचालक उद्यानिकी कमलेश दीवान, अग्रणी बैंक अधिकारी एवं भारतीय कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड के जिला समन्वक संजीव कुमार साहू व बीमा कंपनी के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बीमा रथ 31 दिसम्बर 2023 तक ग्रामों में किसानों के मध्य जाकर इस योजना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष जिले के किसानों के फसल बीमा के लिए शासन द्वारा भारतीय कृषि बीमा कंपनी से अनुबंध किया गया है। रायगढ़ जिले में रबी 2023-24 हेतु छ.ग.शासन से जारी अधिसूचना के आधार पर कुल 02 विकास खंड यथा खरसिया एवं पुसौर में क्रमश: 03 एवं 19 ग्रामों को फसल बीमा रबी 2023-24 के लिए ग्राम स्तर अधिसूचित किया गया है जिसके तहत सिंचित गेहूं फसल का बीमा हेतु अऋणी कृषकों से बीमा प्रस्ताव का आवेदन बैंक/वित्तीय संस्थानों/लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से पंजीकृत किया जाना है एवं ऋणी कृषकों का बीमा प्रस्ताव आवेदन संबंधित ऋणप्रदायक बैंक के माध्यम से पंजीकृत किया जाना है इस हेतु कृषकों से दिनांक 31 दिसम्बर 2023 तक ही प्रस्ताव स्वीकार किये जायेंगे। अत: खरसिया विकास खंड के ग्राम बडेजामपाली, नवापारा पूर्व एवं ठुसेकेला तथा पुसौर विकास खंड के ठेंगागुडी, बुनगा, चंघोरी, सिंगपुरी, तेलीपाली, लिंजिर, सुरीं, जकेला, बुलाकी, नवापारा ब, डूमरपाली, मौहापाली, देवलसुरा, धानातरई, सुकुल भठली, झारमुडा, नवापारा अ, गोतमा एवं छोटे हल्दी के ऋणी एवं अऋणी कृषकों से आग्रह किया जाता है की अधिक से अधिक संख्या में बीमा प्रस्ताव जमा कर योजना का लाभ लेवें। योजनान्तर्गत सिंचित गेहूं फसल के लिए बीमांकित राशि रुपये 35 हजार प्रति हेक्टेयर जिसमे किसानो को प्रीमियम मात्र 1.50 प्रतिशत अर्थात 525 रुपये प्रति हेक्टेयर देना होगा एवं राई सरसों फसल के लिए 21 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर जिसमे किसानों को प्रीमियम मात्र 1.50 प्रतिशत अर्थात 315 रुपये प्रति हेक्टेयर देना होगा। राई सरसों फसल राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर अधिसूचित है ।

# नगरीय निकायों के गौठानों में रखे गये है 3650 मवेशी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले के नगरीय निकायों के सड़कों पर आवारा घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड़ निकायों द्वारा की जा रही है। मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नगरीय निकायों की गौठानों में मवेशियों को रखने के लिए समुचित प्रबंध की गई है। अब तक जिले के नगरीय निकायों के गौठानों में 3650 मवेशी रखे गये हैं। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने अधिकारियों की समय-सीमा बैठक में नगरीय निकायवार गौठानों में रखे गये मवेशियों की जानकारी ली। नगरीय निकायों के अधिकारियों ने बताया कि नगर पंचायत उतई में 229, धमधा में 165, पाटन में 285, नगर पालिका अहिवारा में 321, कुम्हारी में 342, जामुल में 48, अमलेश्वर में 327 तथा नगर निगम भिलाई में 738, भिलाई-चरोदा में 235, रिसाली में 254 एवं नगर निगम दुर्ग में 685 मवेशी गौठानों में रखे गये हैं। कलेक्टर मीणा ने संबंधित अधिकारियों को आगामी 17 दिसम्बर तक इस संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने समीक्षा के दौरान पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों को बीएसपी सहित सभी इण्डस्ट्रियल एरिया में प्रदूषण जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा। इसी प्रकार सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी को संबंधित क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था का निरीक्षण करने निर्देशित किया है।

बैठक में विभागवार समय-सीमा, जनशिकायत, कलेक्टर जनचौपाल के लंबित प्रकरणों और सारथी एप में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, अपर कलेक्टर गोकुल रावटे एवं श्रीमती योगिता देवांगन सभी नगरीय निकायों के आयुक्त, सभी एसडीएम, सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थिति थे।

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### लापरवाही पर शिक्षा विभाग के क्लर्क और प्यून सस्पेंड, जेडी ने की कार्रवाई

**बिलासपुर (ए)।** संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा विभाग आरपी आदित्य ने सहायक वर्ग 2 एवं एक भृत्य को निलंबित कर दिया है। संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा विभाग ने 11 दिसंबर को निलंबन के आदेश जारी किए हैं। निलंबित कर्मचारियों में राजेन्द्र नगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में पदस्थ सहायक वर्ग दो उमेश शर्मा एवं सेंवार (बिल्हा ब्लॉक) उमावि में कार्यरत भृत्य विकास वर्मा शामिल हैं। उमेश शर्मा को कैश रजिस्टर का समुचित संधारण नहीं करने और भृत्य विकास वर्मा को तीन महीने से लगातार कार्य पर अनुपस्थित रहने के कारण निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त संचालक शिक्षा आरपी आदित्य ने इन दोनों स्कूलों का निरीक्षण किया था। इन्हें अभिलेख पूर्ण करने एवं नियमित रूप से स्कूल आने की हिदायत दी गई थी। फिर भी उनके काम-काज में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया। सहायक वर्ग दो उमेश शर्मा को शासकीय कन्या उमावि सरकंडा एवं भृत्य विकास वर्मा को बीईओ ऑफिस बिल्हा में संलग्न किया गया है।

### तालपुरी में मारपीट के मामले में काउंटर केस दर्ज

**भिलाई।** तालपुरी में दो पक्षों में मारपीट हो गई। अधिवक्ता से मारपीट करने वाले तालपुरी बी ब्लॉक के पांच लोगों के खिलाफ धाराएं 294, 506(बी), 323, 452 और 34 के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार शाम की है।

अधिवक्ता असीम कुमार सिंह ने तालपुरी कॉलोनी के पूर्व अध्यक्ष सुनील चौरसिया, इंद्रजीत सिंह, लक्ष्यप्रद, चिरंजीव चौधरी तथा विजय नायडू पर गाली गलौज और मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई थी।

सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया गया है। वहीं सुनील चौरसिया की शिकायत पर भी कार्रवाई की गई। मामला इतना तूल पकड़ा कि अधिवक्ता बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल, सचिव रविशंकर सिंह भी मौके पर पहुंचे थे।

### नाले को पाटकर भू-माफिया ने किया अवैध प्लाटिंग, 5 ट्रैक्टर मुरूम जब्त

**धमतरी (ए)।** शहर में अवैध प्लाटिंग खुलेआम चल रहा है। इस पर लगातार कार्रवाई नहीं होने से भू-माफिया बेखौफ है और अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं। रुद्री रोड स्थित एक निजी हॉस्पिटल के पीछे नाला को पाटकर भू-माफियाओं ने अवैध प्लाटिंग कर लिया है। पानी निकासी बंद हो गया। बस्ती में गंदा पानी पहुंचने की शिकायत अफसरों से हुई, तो नगर निगम आयुक्त विनय कुमार पोयाम ने कार्रवाई के निर्देश दिए। पानी निकासी व्यवस्था सुधारने अफसरों को कहा। मंगलवार को अधिकारी-कर्मचारी अवैध प्लाटिंग हटाने पर जुट गई है। अफसरों के मुताबिक 2 दिन लगेगा। इस दौरान 5 ट्रैक्टर मुरूम नाला से निकाला गया। इसे जब्त किया है। अब अवैध प्लाटिंग करने वालों को नगर निगम की टीम पतासाजी कर रही। फिर कार्रवाई होगी।

# 4 महीने पहले केरल से भिलाई आये युवक की बंद कमरे में मिली लाश

**भिलाई।** दुर्ग जिले के भिलाई में तालपुरी स्थित पारिजात कॉलोनी के एक क्वार्टर में 2 दिन पुरानी लाश मिली है। शव मिलने की खबर मिलते ही कॉलोनी के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।




भिलाई नगर थाना प्रभारी मनोज प्रजापति ने बताया कि मंगलवार को उन्हें सूचना मिली कि तालपुरी पारिजात कॉलोनी के बी ब्लॉक में स्थित एक क्वार्टर में शव मिला है। पुलिस की टीम जब वहां पहुंची और मौके का जायजा लिया, तो देखा कि 2 दिन से बंद एक कमरे में युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने दरवाजा को तोड़कर अंदर तलाशी और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

पुलिस ने शव का जायजा लिया। फिलहाल कमरे को सील कर दिया गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दे दी है। वे आएंगे, तो पोस्टमॉर्टम के बाद शव उनके सुपुर्द किया जाएगा।

### केरल राज्य का रहने वाला था युवक

मृतक की पहचान राजू नायर (45) के रूप में हुई है। वो केरल राज्य का रहने वाला था। वो वहां से भिलाई रोजगार की तलाश में आया था। राजू पिछले 4 माह से तालपुरी पारिजात में किराए का मकान लेकर अपनी मां के साथ रहता था। इसी दौरान उसकी मां से किसी बात को लेकर उसका झगड़ा हो गया, तो मां घर छोड़कर चली गई। तब से राजू क्वार्टर में अकेला रहता था।

### हार्ट अटैक से मौत की आशंका

पुलिस के मुताबिक, राजू नायर रिसाली में किसी इलेक्ट्रॉनिक दुकान में काम करता था। पुलिस ने यह भी पाया कि राजू हार्ट पेशेंट था। उसे सांस की बीमारी थी, इसलिए ये अंदेशा जाताया जा रहा है कि उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई होगी।

# बीमारी से परेशान युवक ने खुद को लगाई आग, बुरी तरह झुलसा



**भिलाई।** दुर्ग जिले के भिलाई में एक युवक ने खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली। उसे जलता हुआ देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जब तक मौके पर पहुंचकर युवक को बचाया, तब तक वो बुरी तरह से जल चुका था। पुलिस ने उसे गंभीर हालत में लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा। हालत गंभीर होने से उसे पहले जिला अस्पताल दुर्ग और फिर रायपुर मेकाहारा रेफर किया गया।

सुपेला थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि मंगलवार दोपहर 2 बजे के करीब वेंकटेश्वर टॉकीज के पास किसी युवक ने खुद को आग लगा ली है। पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। वहां जाकर पता चला कि वहां रहने वाले मंगेश विश्वकर्मा (30) ने आग लगाकर आत्महत्या की कोशिश की है। मंगेश संजय नगर में रहता है। वो वहीं पर स्थित एक मैदान में पहुंचा और खुद के ऊपर मिट्टी का तेल छिड़कर आग लगा ली। जब वो जलने लगा तो उसने बचाने के लिए चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। इसके बाद वहां रह रहे लोग दौड़े और उसे बचाने का प्रयास किया। इधर सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम वहां पहुंची और उसने आग बुझाकर गंभीर रूप से जल गए युवक को अस्पताल भेजा।

### किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित था युवक

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि मंगेश किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित था। उसका इलाज चल रहा था। हालांकि उसे क्या बीमारी थी, ये अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि वो आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। परिजनों ने अभी कुछ भी साफ तौर पर नहीं बताया है। पुलिस उसके दोस्तों और घर के लोगों से भी पूछताछ करने की तैयारी कर रही है।

# नवविवाहिता ने की फांसी लगाकर खुदकुशी मायके वाले बोले- दहेज के लिए करते थे प्रताड़ित

**सरगुजा (ए)।** अंबिकापुर शहर के गोधनपुर में नव विवाहिता का शव फांसी पर झूलता मिला। छह माह पूर्व ही उसका विवाह हुआ था। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतिका के पिता और चाचा का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। इसके साथ ही ससुराल पक्ष के लोग गांजा बेचने का व्यवसाय भी करते थे।

### गांजा के कारोबार को लेकर होती थी लड़ाई



मिली जानकारी के मुताबिक बलरामपुर जिले के ग्राम आरा निवासी अब्दुल रऊफ की पुत्री रुखसाना खातून का विवाह छह माह पूर्व गोधनपुर निवासी राशिद मंसूरी से हुआ था। मंगलवार को मायके पक्ष को सूचना मिली थी कि रूखसाना ने घर के कमरे में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

अंबिकापुर आकर परिजन सबसे पहले गांधीनगर पुलिस थाने पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। गांधीनगर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां कमरे में नव विवाहिता का शव फांसी में झूलता मिला।

पुलिस द्वारा नवविवाहिता के शव को पीएम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में परिजनों ने ससुराल पक्ष पर पुत्री की हत्या का आरोप लगाया गया है। मृतिका के पिता अब्दुल रऊफ ने पुलिस को बताया कि छह माह पूर्व उन्होंने अपना टैक्टर बेचकर रूखसाना की शादी की थी।

उन्होंने शादी में बेटी को पांच लाख रुपए और दहेज का सामान दिया था। शादी के बाद डेढ़ माह तक तो सब कुछ ठीक रहा। इसके बाद ससुराल पक्ष द्वारा उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। बीच बीच में 5 हजार, 10 हजार तो कभी 15 हजार रुपए उन्होंने बेटी के पति को दिए।

### शुक्रवार को फोन कर मांगे थे रुपए

अब्दुल रऊफ ने बताया कि शुक्रवार को भी अंतिम बार बेटी का फोन उनके पास आया था और उसने दो हजार रुपए मांगे थे। उन्होंने बेटी से कहा था कि सोमवार को वे उन्हें पैसा दे देंगे। वे पैसे दे पाते, इसके पहले ही उनकी बेटी की मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि युवती की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप दिया गया है।

### गांजा का व्यवसाय करने का भी आरोप

परिजन का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग गांजा का व्यवसाय करते थे। युवती के ससुराल में गांजा का पौधा उगाया जाता था और घर के लोग भी गांजा पीते थे। इस अवैध कारोबार का बेटी विरोध करती थी। इसे लेकर भी उसे प्रताड़ित किया जाता था। पुलिस ने उनके घर से गांजा के विशाल पौधे की जब्त किए थे, लेकिन बाद में ससुराल पक्ष के लोगों ने जब्त किए गए गांजा के पौधों को गायब कर दिया।

### चल रही है जांच

मामले में सीएसपी स्मृतिक राजनाला ने बताया कि नव विवाहिता के आत्महत्या की जानकारी मिली थी। पुलिस द्वारा मर्ग पंचनामा पर घटना की जांच की जा रही है। परिजन ने प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। गांजा का पौधा कहां से आया इसकी भी जांच की जा रही है।

# क्लास की छत का प्लास्टर गिरने से 6 बच्चे घायल



**कोंडागांव (ए)।** जिले के एक स्कूल की छत का प्लास्टर अचानक गिर गया, जिससे 6 बच्चे घायल हो गए। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक घटना कोंडागांव जिले के बनियागांव हाईस्कूल का बताया जा रहा है, जहां माध्यमिक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र, छात्राएं क्लास रूम में बैठकर एग्जाम दे रहे थे उसी दौरान छत टूटकर अचानक गिर गया। इस हादसे में 6 बच्चों को चोट लगी है, जिन्हें कोंडागांव जिला अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया था, जहां उपचार के बाद सभी बच्चों को छुट्टी दे दी गई है।

# एसपी गर्ग की सख्ती के बाद एक्शन में थानेदार, इस माह अब तक 585 चालान कोर्ट में पेश और 501 तैयार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** साल के आखिरी माह में थानों के लंबित प्रकरणों के निराकरण की चुनौती होती है। कई अपराधिक मामलों में समय पर कोर्ट में चालान प्रस्तुत नहीं होने से समस्या हो जाती है। इसे देखते हुए दुर्ग के पुलिस कप्तान राम गोपाल गर्ग द्वारा सभी थाना व चौकरी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया गया है। एसपी गर्ग ने लंबित प्रकरणों में जल्द से जल्द से चालान पेश करने का हिदायत दी। इसी कड़ी में दुर्ग जिले के सभी थानों व चौकियों से इस माह अब तक 585 लंबित प्रकरणों में चालान प्रस्तुत किया गया।



दरअसल इसकी जानकारी मंगलवार को दुर्ग पुलिस द्वारा ऑफिशियली दिया गया। दुर्ग पुलिस ने बयान जारी कर बताया कि जिले के एसपी राम गोपाल गर्ग ने लंबित अपराधिक प्रकरणों की समीक्षा की। इस दौरान सभी राजपत्रित अधिकारियों के साथ सभी थानों व चौकी प्रभारी मौजूद रहे। एसपी गर्ग ने इस बैठक में लंबित अपराधों के त्वरित निराकरण एवं लंबित चालान जल्द से जल्द न्यायालय में पेश किये सख्त हिदायत दी। एसपी के निर्देश के बाद एएसपी अभिषेक झा व एएसपी ग्रामीण अनंत साहू, व्दारा सभी थाना व चौकी प्रभारियों से एसपी के निर्देशानुसार कार्य करने कहा।

एसपी के निर्देश के बाद सभी थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा इस माह का डाटा प्रस्तुत किया गया। दी गई जानकारी के अनुसार माह दिसम्बर में अब तक लगभग 585 प्रकरणों का चालान न्यायालय में पेश किया जा चुका है। इसी प्रकार लगभग 79 प्रकरणों की विवेचना उपरांत चालान योग्य साक्ष्य प्राप्त न होने एवं घटना के साक्ष्य न पाये जाने पर केस खात्मा किया गया और ऐसे प्रकरणों को न्यायालय से स्वीकृत कराया जा रहा है। यही नहीं लगभग 501 प्रकरणों की विवेचना पूरा कर चालान तैयार किया गया है, जिसे जल्द से जल्द कोर्ट में पेश किया जाएगा। साथ ही अधिक से अधिक लंबित अपराधों के निराकरण का प्रयास किया जा रहा है।

सूरजपुर में पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा

# शराब के लिए पैसे देने से मना कर रही थी पत्नी, शराबी ने वारकर ले ली जान

**सूरजपुर (ए)।** सूरजपुर में पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि शराब पति पैसे मांग रहा था, लेकिन पत्नी नशे के लिए पैसे नहीं दे रही थी, जिसे नाराज पति ने जान ले ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला चंदौरा थाना क्षेत्र के पकनी गांव का मामला है।




दरअसल, पकनी निवासी जानकी सिंह ने चंदौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10.12.23 को इसके चाचा घर आकर बताया कि दीदी बिगनी पर जीजा लक्ष्मण प्रसाद सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। दोनों साथ में वहां पहुंचे तो देखे कि बिगनी जमीन में गिरी पड़ी है, जिसे उपचार के लिए सीएचसी प्रतापपुर ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### एसपी ने दिए गिरफ्तारी के निर्देश

मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। थाना चंदौरा पुलिस ने विवेचना के दौरान दबिश देकर आरोपी लक्ष्मण प्रसाद 30 वर्ष को ग्राम पहाड़करवां से पकड़ा।

### पुलिस ने आरोपी के पास से कुल्हाड़ी किया जब्त

पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि नशे का आदि था। पैसा मांगने और घर का धान निकालने से मना करने पर पत्नी को टांगी से मारकर हत्या की। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को जब्त कर लिया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### शहर के तालाबो, सड़के, नालियों व सार्वजनिक क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान जारी

**दुर्ग।** भारत सरकार द्वारा महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता और स्वच्छता की अद्धुतता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगर निगम दुर्ग द्वारा आज भी विशेष सफाई अभियान किया गया।नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अमला द्वारा वृहद स्वच्छता अभियान के अंतर्गत तालाब,सड़कें,नालियों, सार्वजनिक क्षेत्र, व्यवसायिक क्षेत्र, बस स्टैंड,नयापारा, नदी रोड, सिविल लाइन, बोरसी, बोरसी भाटा, पचरीपारा, सिकोलाभाठा, कसारीडीह,आदर्श नगर,कैलाश नगर,रामनगर,उरला,गंजपारा आदि क्षेत्रों में की साफ-सफाई के माध्यम से किया गया।छत्तीसगढ़ शासन एवं निगम प्रशासन के मार्गदर्शन में सफाई अभियान किया गया। नगर निगम द्वारा आज से 25 दिसंबर तक आयोजित विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जनसामान्य को घरों,सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, स्वच्छता से जुड़े बीमारियों को नियंत्रित करने, स्वस्थ और स्वच्छ भविष्य की ओर कदम बढ़ाने, स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षा,शौचालय का उपयोग और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### आत्मनिर्भर भारत के लिये इस्पात की आत्मनिर्भरता मैत्री बाग में सेल्फी जोन उद्घाटित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित आकर्षण का केन्द्र मैत्री बाग के प्रांगण में आत्मनिर्भर भारत के लिये इस्पात की आत्मनिर्भरता को प्रदर्षित करते हुए जनसामान्य के लिए सेल्फी जोन का निर्माण किया गया है। आज 12 दिसम्बर 2023 को भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में इसका विधिवत् उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक जे वाई सपकाले, महाप्रबंधक जेकब कुरियन, महाप्रबंधक विष्णु पाठक और उपमहाप्रबंधक एन के जैन सहित अन्य उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विदित हो कि उद्घाटित सेल्फी जोन में संयंत्र प्रबंधन द्वारा यह प्रदर्षित किया गया है कि विगत 9 वर्षों में सेल ने इस्पात निर्माण के क्षेत्र में बहुत तेजी से अग्रसर होते हुए एक सषक्त कदम बढ़ाया है और वर्तमान में भारत विष्व का एक बड़ा इस्पात निर्माता बन गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल की अन्य इकाइयों ने उत्पादन, उत्पादकता और अनेक क्षेत्रों में कीर्तिमान रचे है।

### खुले में बिकने वाले चिकन मटन दुकान पर दुसरे दिन भी लगातार कार्यवाही

**भिलाई।** निगम द्वारा खुले में अवैध रूप से विक्रय कर रहे चिकन मटन के दुकान पर लगातार दुसरे दिन मंगलवार को भी निगम दस्ते ने कार्यवाही कर जुनवानी चौक, 18 नं. सड़क, सुभाष चौक के दुकान के सामने लगे टीन टप्पर को हटवाया गया। नगर पालिक निगम, भिलाई की बेदखली टीम मंगलवार को जुनवानी चौक मे बिना लाईसेंस के संचालित हो रहे नूर पोल्ट्री को सील बंद किया गया तथा चौक मे अन्य मांस, मटन,मछली जो खुले मे विक्रय किये जा रहे थे उसे हटाया गया । उसी प्रकार 18 नं. सड़क, सुभाष चौक पर विक्रय कर रहे चिकन मटन दुकानो को बंद करवाकर दुकान के सामने लगे टीन शेड को जे.सी.बी. से हटाया गया।

# खस्ताहाल सड़क देख भड़के विधायक रिकेश, मौके पर अफसर को बुलाया और दे डाली चेतावनी, कहा- सरकार बदल गई है

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन मंगलवार को निगम के अफसरों पर भड़के। दरअसल आज सुबह वे भ्रमण के दौरान नेहरू नगर गुरुद्वारा चौक के पास पहुंचे थे। इस दौरान मुख्य सड़क की खराब हालत देख तत्काल मौके पर नेहरू नगर जोन क्रमांक-1 के अधिकारियों को तलब किया और सख्त चेतावनी दे डाली। विधायक रिकेश ने कहा कि शाम तक सड़क की हालत नहीं सुधरी को जोन के अधिकारियों को ट्रांसफर निश्चित है। यही नहीं रिकेश सेन ने यह भी कहा कि अधिकारी समझ जाए कि सरकार बदल चुकी है। अब अधिकारियों को नजरिया बदलना पड़ेगा वरना परिणाम भुगतने के लिए वे तैयार रहें। किसी भी जनहित के कार्यों में विलंब को उनके द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।**



बता दें नवनियुक्त विधायक राकेश सेन के द्वारा लगातार शहर में व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सभी विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मीटिंग लेकर लगातार कमियों को उजागर किया जा रहा है। जनहित में अव्यवस्थित कार्यों को ठीक करने की हिदायत वे दे रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक रिकेश मंगलवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे और शहर के हृदय स्थल पर स्थित धार्मिक आस्था के केंद्र नेहरू नगर गुरुद्वारा पहुंचे। यहां पर नेहरू नगर गुरुद्वारा चौक स्थित सड़क की बदहाल स्थिति को देखने के बाद काफी नाराज हुए।

इसके बाद विधायक रिकेश ने तत्काल नगर पालिक निगम नेहरू नगर जोन क्रमांक-1 के अधिकारियों को तलब किया और सड़क एवं चौक की खस्ताहाल स्थिति को दिखाते हुए उन्हें फटकार लगाई। इस दौरान अधिकारियों को शाम 5 बजे तक का अल्टिमेटम भी दे दिया। उन्होंने खस्ताहाल सड़क का डामरीकरण का निर्देश देते हुए कहा कि शाम तक यह ठीक नहीं हुआ तो इसके बाद जिम्मेदार अधिकारी शहर से बाहर जाने के लिए तैयार रहें। विधायक रिकेश के सख्त लहजे के बाद अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### आस्था का केंद्र है नेहरू नगर गुरुद्वारा

विधायक ने कहा कि नेहरू नगर गुरुद्वारा शहर ही नहीं बल्कि देश एवं विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। समय-समय पर सभी श्रद्धालु गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। विगत डेढ़ वर्ष से नेहरू नगर गुरुद्वारा पहुंच मार्ग एवं चौक बदहाल स्थिति में है। पांच साल सत्ता में बैठे लोगों को यह नहीं दिखा। जिसके कारण श्रद्धालुओं एवं इस मार्ग से गुजरने वाले नागरिकों को सुविधा का सामना करना पड़ता है। खस्ताहाल सड़क से गुजरने के कारण हमेशा दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस ओर ध्यान न देते हुए केवल मीडिया में बने रहने के लिए अस्थाई तौर पर कभी मुरूम डालकर तो कभी मिट्टी डालकर फोटो खींचवाकर स्वयं की पब्लिसिटी करते रहे हैं। इसकी वजह से यह समस्या जस की तस बनी हुई है और आम नागरिकों को लंबे समय से समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विधायक रिकेश ने कहा कि अब अधिकारियों को समझना होगा कि सत्ता बदल चुकी है और जनहित के कार्यों में विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# 'अवैध कब्जा हटाओ अभियान' के तहत बीएसपी द्वारा तीसरे दिन भी की गई कड़ी कार्यवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा, संपदा न्यायालय के निर्देश पर, ट्रैफिक पुलिस व भिलाई नगर पालिक निगम के साथ मिलकर, अवैध कब्जाधारियों तथा सड़क किनारे अवैध रूप से लगे ठेले, गुमठी, खोमचे, कुल्फी वालों, नारियल वालों इत्यादि के विरुद्ध आज 12 दिसम्बर 2023 को टाउनषिप क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया।**



अवैध कब्जा हटाओ अभियान के तीसरे दिन भी कब्जाधारियों के विरूद्ध तगड़ी कार्यवाही करते हुए रिसाली सेक्टर के बीएसपी मार्केट के सामने स्थित 9000 वर्गफीट बीएसपी भूमि पर अवैध कब्जे को हटाया गया। इस 9000 वर्गफीट भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा 20 से अधिक गुमटियां बनाकर अवैध कब्जा कर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। संपदा न्यायालय के आदेष पर अवैध कब्जा को कार्यपालक मजिस्ट्रेट किशोर वर्मा की उपस्थिति में नेवई पुलिस प्रशासन, एसएएफ तथा संयंत्र के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा मिलकर खाली कराया गया।

इसके साथ ही अवैध कब्जाधारियों द्वारा बीएसपी भूमि पर कब्जा कर रखे 27 नग गुमटियों को हटाने की कार्यवाही भी की गयी। कार्यवाही के दौरान 02 गुमटियों को जप्त भी किया गया। अवैध कब्जाधारियों को स्थल पर मौजूद अन्य गुमटियों को स्वत: हटा लेने के लिए कार्यपालक दण्डाधिकारी ने 01 दिन का समय दिया। कार्यवाही का पंचनामा रिपोर्ट तैयार किया गया है।

विदित हो कि बीएसपी भूमि पर किए अवैध कब्जा को हटाने की कार्यवाही भूमि अनुभाग के सर्वेक्षक द्वारा चिन्हांकन के पश्चात की जाती है। इस अभियान में प्रवर्तन अनुभाग, पीएचडी का भूमि अनुभाग, ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह, निजी सुरक्षा गार्डस (महिला सुरक्षा गार्ड सहित) सहित बड़ी संख्या में संयंत्र के अधिकारी व कार्मिक सम्मिलित थे। अवैध कब्जा हटाने के लिए जेसीबी मषीन, ट्रेक्टर-ट्राली इत्यादि संसाधनों के साथ लगभग 100 लोगों की टीम ने कार्यवाही में भाग लिया। स्थानीय पार्षदों द्वारा अवैध कब्जा हटाने जाने का विरोध व्यक्त करते हुए कार्यवाही को रोकने का प्रयास किया। किंतु भारी पुलिस बल और कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कार्यवाही सामान्य रूप से जारी रही।

इसके अतिरिक्त दोपहर 2:00 बजे संपदा न्यायालय द्वारा जारी डिक्री के अनुपालन में बोरिया गेट के निकट चाइना मार्केट में कार्यवाही की गई। जहां कार्यपालक मजिस्ट्रेट किशोर वर्मा तथा भट्टी थाना के टीआई विपिन रंगारी की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर अवैध कब्जा हटाने का प्रयास किया गया। विरोध और आग्रह को ध्यान में रखते हुए अवैध कब्जों को स्वत: एक दिन में हटाने का समय दिया गया। साथ ही दिये गये निर्धारित समय में कब्जे नहीं हटाने की स्थिति में बलपूर्वक कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी गई।

## दया सिंह ने की सीएम साय से मुलाकात, गुलदस्ता देकर दी बधाई





श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई । भाजपा पार्षद, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने रायपुर में ष्टरूविष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दया सिंह ने गुलदस्ता भेंट करते हुए सीएम बनने की बधाई दी।**

साथ ही भिलाई आने का आमंत्रण दिया। दया ने इस दौरान सीएम साय के कान पर कुछ खास बातचीत की है। हालांकि क्या बात हुई है, यह पता नहीं?। दया सिंह ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बन गई है। प्रदेश के मुखिया का चयन भी हो गया है। विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया गया है। इस जीत की खुशी भाजपाइयों में जबरदस्त देखने को मिल रही है।

दया ने कहा, विष्णुदेव साय का भिलाई से गहरा नाता रहा है। वे हर साल सावन सोमवार के अवसर पर राजराजेश्वरी मंदिर आते हैं और विशेष पूजा-अर्चना करते हैं।

## संयंत्र प्रबंधन द्वारा आयोजित खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा, प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली खुली संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन, 12 दिसम्बर 2023 को उप महाप्रबंधक सहीराम जाखड़ के मुख्य आतिथ्य में, महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर, भिलाई में किया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग से सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक तथा प्रभंजय चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पहले दिन 12 दिसम्बर को कर्नाटक शास्त्रीय गायन एवं सुगम गायन की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता के लिए जयमोहन, श्रीमती स्मिता नायर तथा आर राजेश ने निर्णायक की भूमिका निभाई। संध्याकाल, शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें एकल नृत्य कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी एवं कुचीपुड़ी नृत्य की प्रतियोगिता रखी गई थी। संध्याकाल के इस नृत्य प्रतियोगिता के लिए निर्णायक के रूप में श्रीमती रानी रीना, इप्शिता दास एवं अन्नपूर्णा स्वामीनाथन उपस्थित थे। कार्यक्रम में क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के साथ साथ संयंत्र के अन्य विभागों के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। यह आयोजन 12 से 16 दिसम्बर 2023 के मध्य महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर में किया जा रहा है। संगीत प्रतियोगिता सुबह 10. 00 बजे से लगभग 2. 00 बजे तक तथा नृत्य प्रतियोगिता शाम 04.30 बजे से शुरु हुई। प्रतियोगिता को 6 से 12 वर्ष एवं 13 से 18 वर्ष, दो आयु वर्गों में विभाजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में बीएसपी कार्मिकों के परिवार के साथ-साथ ठेका श्रमिकों के परिवार जन भी शामिल हैं।

## शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राही होंगे लाभांवित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों खासतौर पर वंचित व असंतृप्त लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने प्रारंभ किए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन को लेकर कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने कहा।



कलेक्टर ने योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दी जाए और पात्र हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने यात्रा हेतु रूट चार्ट तैयार करने और प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री मीणा ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कार्यक्रम में जनभागीदारी गतिविधि, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय स्तर पर समिति का निर्माण, स्थानीय हितग्राहियों को आमंत्रण, सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी, स्व-सहायता समूह, ग्राम संगठन का मोबलाइजेशन, कृषि गतिविधियों पर सत्र का आयोजन, प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करना, योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करना तथा पोर्टल में जानकारी अपलोड कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य, जिला स्तरीय समिति, जिले द्वारा किए जाने वाले कार्य, ग्राम पंचायत स्तर की तैयारी, वैन आने के पूर्व की तैयारी, प्रचार वैन के गॉव में पहुंचने उपरांत कार्यक्रम की रूपरेखा तथा विभागों के दायित्व के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु नगरीय क्षेत्रों के लिए नियुक्त अधिकारियों का प्रशिक्षण, 13 दिसंबर को एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए नियुक्त अधिकारियों का प्रशिक्षण 14 दिसंबर को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

# स्वच्छ भारत मिशन: शहरों की तर्ज पर गांवों में हो रहा काम 205 ग्राम पंचायतों में किया गया कचरा कलेक्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरों की तरह अब गांवों में घर-घर कचरा कलेक्शन की दिशा में कार्य किया जा रहा है। अब तक 205 गांवों में घर-घर कचरा कलेक्शन किया गया है। इस माह के अंत तक शेष 66 गांवों में भी यह सुविधा लागू करने का लक्ष्य, के साथ काम किया जा रहा है।**



ग्राम पंचायतों को खुले में शौचमुक्त के पश्चात् ओडीएफ प्लस की अवधारणा को क्रियान्वयन करने हेतु प्रत्येक गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के सभी आयामों पर कार्य करते हुए स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। ग्राम पंचायतों में जहाँ एक तरफ गंदे पानी के सुरक्षित निपटान हेतु ग्रे एवं ब्लेक वाटर मैनेजमेंट का कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु जैविक-अजैविक कचरे के सुरक्षित निपटान हेतु विभिन्न संरचनाओं का निर्माण किया गया है। ग्राम को स्वच्छ रखने हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने के लिये जागरूकता अभियान चलाकर गीले एवं सूखे कचरे का पृथक-पृथक निपटान करने की जानकारी दी जा रही है। जिसमें जैविक कचरे को नॉडेप एवं वर्मी कम्पोस्ट के माध्यम से खाद बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर अजैविक कचरे के सुरक्षित निपटान हेतु महिला समूह के माध्यम से प्रत्येक गांव में घर-घर कचरा एकत्र कर सेग्रीगेशन वर्कशेड में पृथकीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसमें प्लास्टिक, रबर, कांच एवं धातु के अपशिष्ट को पृथक कर पुन: चक्रण हेतु कबाड़ी को बेचकर आय अर्जित की जा रही है। स्वच्छताग्राहियों को मानदेय प्रदान करने हेतु 35 ग्राम पंचायतों द्वारा स्वच्छता कर भी लिया जा रहा है। स्वच्छताग्राहियों के माध्यम से गांव में स्वच्छता बनाए रखने हेतु निरंतर जागरूकता कार्य किया जा रहा है।जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में शहरों की भांति गांव-गांव में घर-घर कचरा एकत्रीकरण का कार्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत किया जा रहा है। वर्तमान में जिले की समस्त 381 ग्रामों में घर-घर कचरा एकत्रीकरण करने हेतु सेग्रीगेशन वर्कशेड निर्माण करने की स्वीकृति दी जा चुकी है, 315 गांव में सेग्रीगेशन वर्कशेड का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

66 ग्रामों में माह दिसम्बर, 2023 के भीतर कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के मद से प्रत्येक गांव में न्यूनतम 02 गारबेज ट्रायसायकल की सुविधा ग्राम पंचायत द्वारा स्वच्छताग्राहियों को प्रदान की गई है। 205 ग्राम पंचायतों में घर-घर कचरा एकत्रीकरण का कार्य स्वच्छताग्राही स्व-सहायता समूहों के माध्यम किया जा चुका है।

# निगम क्षेत्र में चलाया जा रहा है विशेष सफाई अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** निगम द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र का वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत सर्विस रोड, गली, मोहल्ला, मार्केट क्षेत्र का झाड़ू लगाकर तथा नालियों की गहराई से साफ-सफाई किया जा रहा है साथ ही कचरे को भी उठाया जा रहा है।

नगर पालिक निगम, भिलाई के स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान निगम के सभी जोन में चलाया जा रहा है, सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में सर्विस रोड, गली मोहल्ले व सड़को की सफाई व्यावसायिक क्षेत्र, नाली के किनारे उगे खरपतवार की कटाई कर नाली की गहराई से सफाई किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम वार्ड 30 प्रगति नगर, वार्ड 37 जे.पी.नगर मोची मोहल्ला, वार्ड 33,34,35 वीर शिवाजी नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नाली की सफाई कर हैण्ड ट्राली, ई-रिक्शा आटो द्वारा नाली से निकले कचरे को तत्काल उठाया जा रहा है साथ ही डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कार्य भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम कचरा कलेक्शन वाहन से मुनादी भी कर रहे है कि सुखा एवं गीला कचरा को अलग-अलग कर देवे। सफाई के दौरान खुले स्थलो पर बेतरतीब बिखरे झिल्ली, पन्नी, प्लास्टिक को भी एकत्र किया जा रहा है और लोगो को समझाईस दिया जा रहा है कि दुकान अथवा घर से निकलने वाले कचरे को डस्टबीन को एकत्र कर निगम के कचरा गाड़ी को देवे।




निगम सभी के सभी जोन आयुक्त तथा जोन स्वास्थ्य अधिकारी अपने क्षेत्र में चल रहे विशेष सफाई अभियान का लगातार मॉनिटरिंग कर लोगो को समझाईस दे रहे है कि घर एवं दुकान से निकलने वाले कचरे को नाली में न डाले सफाई कामगार के सुर्पूद करें।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950